पत्रांक– 06/वि० 09–33/2016..........

**बिहार सरकार**

**शिक्षा विभाग**

सेवा में,

**महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक : ...................../2017

**विषय** :– वित्तीय वर्ष 2016–17 में राजकीय, राजकीयकृत एवं सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) प्रारंभिक विद्यालयों के कक्षा I से VIII में अध्ययनरत सामान्य कोटि के वैसे छात्र (बालक) जिनका पारिवारिक आय अधिकतम 1.5 लाख प्रतिवर्ष है एवं सामान्य कोटि के छात्राओं (बालिका) का न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर संबंधित छात्र एवं छात्राओं को छात्रवृति योजनान्तर्गत ₹1,00,00,00,000/–(एक अरब रूपये) मात्र राशि के व्यय की स्वीकृति एवं विमुक्ति के संबंध में।

''अनौपचारिक रूप से परामर्शित''

द्वारा :– आन्तरिक वित्तीय सलाहकार

आदेश :– स्वीकृत।

वित्तीय वर्ष 2016–17 में वित्त विभाग के संकल्प संख्या– 96 वि० (2) दिनांक 03.01.2008 के कंडिका –7 के आलोक में राजकीय, राजकीयकृत एवं सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) प्रारंभिक विद्यालयों के कक्षा I से VIII में अध्ययनरत सामान्य कोटि के वैसे छात्र (बालक) जिनका पारिवारिक आय अधिकतम 1.5 लाख प्रतिवर्ष है एवं सामान्य कोटि के छात्राओं (बालिका) का न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर संबंधित छात्र एवं छात्राओं को छात्रवृति योजनान्तर्गत 1,00,00,00,000/–(एक अरब रूपये) मात्र राशि के व्यय की स्वीकृति एवं विमुक्ति प्रदान की जाती है।

2. वित्तीय वर्ष 2016–17 में छात्रवृति योजनान्तर्गत राजकीय, राजकीयकृत, सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत सामान्य कोटि के वैसे छात्र (बालक) जिनका पारिवारिक आय अधिकतम 1.5 लाख प्रतिवर्ष है, में कक्षा I से IV तक के लिए प्रति छात्र ₹ 50/– प्रतिमाह की दर से, कक्षा V से VI तक के लिए प्रति छात्र ₹100/– प्रतिमाह की दर से तथा कक्षा VII से VIII तक के लिए प्रति छात्र ₹150/– प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति राशि दिया जाना प्रावधानित है।

3. वित्तीय वर्ष 2016–17 में छात्रवृति योजनान्तर्गत राजकीय, राजकीयकृत, सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत् सामान्य कोटि के छात्राओं (बालिकाओं) के लिए कक्षा I से IV तक के लिए प्रति छात्रा ₹50/– प्रतिमाह की दर से, कक्षा V से VI तक के लिए प्रति छात्रा ₹100/– प्रतिमाह की दर से तथा कक्षा VII से VIII तक के लिए प्रति छात्रा ₹150/– प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति देने का प्रावधान किया गया है।

4. वित्तीय वर्ष 2016–17 के छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्रस्तावित व्यय की जाने वाली राशि ₹1,00,00,00,000/–(एक अरब रूपये) मात्र राशि के व्यय का विकलन मांग संख्या–21, मुख्य शीर्ष–2202–सामान्य शिक्षा उप मुख्य शीर्ष–01–प्रारंभिक शिक्षा, लघु शीर्ष–109–छात्रवृत्तियां एवं प्रोत्साहन, उप शीर्ष–0105–प्रारंभिक विद्यालयों में छात्रवृत्ति, विपत्र कोड P2202011090105, विषय शीर्ष–34 01–छात्रवृत्ति/वजीफा में उपबंधित राशि से होगा।

5. (I) स्वीकृत राशि निदेशक, प्राथमिक शिक्षा के निरस्ताराधीन होगी तथा राशि का आवंटन संबंधित जिले के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा) को किया जायेगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा) द्वारा मांग के अनुसार राशि उपावंटित करेंगे। इस क्रम में संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी अनुमोदन देने से पूर्व सुनिश्चित हो लेंगे कि 75 प्रतिशत या उससे अधिक उपस्थिति वाले लाभुकों की सूची संबंधित प्रधानाध्यापकों द्वारा हस्ताक्षरित करके उनके कार्यालय में प्राप्त हो चुकी है। (जिलावार स्वीकृत राशि की विवरणी संलग्न है।)

जिले के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा) सम्यक् जाँचोपरान्त संबंधित जिले के सामान्य कोटि के छात्र (बालक) जिनका पारिवारिक आय अधिकतम 1.5 लाख रूपये है) एवं सामान्य कोटि के छात्राओं (बालिकाओं) जिनकी उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत है, के संख्या के आधार पर ही राशि उपावंटित करेंगे। इसमें किसी प्रकार के विचलन या अनियमितता मानते हुए इसकी जिम्मेवारी संबंधित जिले के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा) पर निर्धारित की जाएगी।

(II) राजकीय विद्यालयों के संदर्भ में संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को राशि उपावंटित की जाएगी एवं संबंधित कोषागार से BTC–43 फॉर्म पर राशि की निकासी की जाएगी। सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय (मदरसा) प्रारंभिक विद्यालयों के संदर्भ में लाभुकों के लिए राशि की निकासी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा)–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के द्वारा संबंधित कोषागार से BTC–43 के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही 75 प्रतिशत या उससे अधिक उपस्थिति वाले लाभुकों की सत्यापित सूची उक्त प्रपत्र में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(III) राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालयों के संदर्भ में प्रखण्डवार उपावंटन संबंधित प्रखण्डों के लिए चिन्हित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को किया जाएगा। उनके द्वारा संबंधित कोषागार से BTC–43 पर अधीन विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधान शिक्षक द्वारा उक्त प्रपत्र में सत्यापित कराकर उपलब्ध करायी गई लाभुकों की सूची संलग्न करते हुए राशि की निकासी की जायेगी। सूची वैसे विद्यार्थी की होनी चाहिए जो नामांकित हो एवं जिनकी उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत या उससे अधिक हो। इसकी जवाबदेही संबंधित प्रधानाध्यापक/प्रधान शिक्षक की होगी। चिन्हित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (प्रखंड स्तर पर) द्वारा राशि की निकासी हेतु तैयार किये जाने वाले विपत्र पर यह प्रमाणित किया जायेगा कि लाभुक संबंधित विद्यालय में नामांकित है एवं उनकी उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत है। चिन्हित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा अन्तर्गत विद्यालयों के विद्यालय शिक्षा समिति के बैंक खाते में ही एकमुश्त राशि बैंक अंतरण के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएगी।

संबंधित विद्यालय शिक्षा समिति से लाभुक के बैंक खाते में राशि को RTGS/NEFT के माध्यम से ही भेजा जायेगा और राशि के अंतरण के पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य सचिव अंतरण हेतु तैयार किये जाने वाले सूची पर यह प्रमाण पत्र देंगे की लाभुक संबंधित विद्यालय में नामांकित है और उनकी उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत है। उक्त सूची में छात्र/छात्राओं के नाम, उनके माता/पिता के नाम एवं वर्ग, क्रमांक, योजना का नाम, उपस्थिति का प्रतिशत (न्यूनतम 75 प्रतिशत), छात्रवृत्ति की दर, बैंक खाता संख्या अथवा उनके माता/पिता का बैंक खाता संख्या, IFSC Code एवं कुल राशि की विवरण सूची संलग्न की जायेगी।

(IV) छात्रवृति की राशि लाभुक छात्र/छात्राओं अथवा उनके माता–पिता के बैंक खाते में अंतरित की जानी है। किसी भी परिस्थिति में नगद राशि का वितरण नहीं किया जाना है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी लाभुकों की सूची बैंक खाता संख्या के साथ संबंधित बैंक को उपलब्ध करायेंगें ताकि बैंक लाभुक छात्र/छात्राओं के उक्त सूची के अनुरूप एक साथ RTGS/NEFT के माध्यम से छात्रवृत्ति की राशि अंतरित करेंगे।

(V) छात्रवृति राशि के वितरण के पश्चात् यदि यह ज्ञात होता है कि लाभुक संबंधित विद्यालय में नामांकित नहीं है या लाभुक नामांकित है परंतु उनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है, तो ऐसी स्थिति में संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधान शिक्षक व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह होंगे तथा उनसे राशि वसूली एवं अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

(VI) राशि का आवंटन/निकासी के दो माह के अन्दर जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा) वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धि निदेशालय को भेजना सुनिश्चित करेगें।

(VII) अवितरित राशि, यदि कोई हो तो इस वित्तीय वर्ष के समाप्त होने के पूर्व इसे कोषागार में संबंधित शीर्ष में जमा कराना सुनिश्चित किया जायगा।

(VIII) स्वीकृत राशि से संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा अंतर्गत संबंधित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (लेखा एवं योजना) द्वारा उचित माध्यम से महालेखाकार कार्यालय में विधिवत् जमा कराया जायेगा।

(IX) योजना का अनुश्रवण विद्यालय स्तर पर विद्यालय शिक्षा समिति तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा एवं प्रखंड स्तर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा। जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी/उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को योजना के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण की जिम्मेवारी होगी। राज्य स्तर पर यह कार्य निदेशक, प्राथमिक शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना द्वारा किया जाएगा।

6. प्रस्ताव पर माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

7. इस मद की राशि का विचलन अन्य किसी मद में नहीं किया जाएगा।

8. वित्त विभाग के पत्रांक–7355/वि० (2) दिनांक 05.10.2007 के आलोक में राशि निकासी के लिए महालेखाकार, बिहार से प्राधिकार–पत्र की आवश्यकता नहीं है।

9. राज्यादेश पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या– 06/वि० 09–33/2016 के पृ० 14/टि० पर प्राप्त है।

अनुलग्नकः यथोक्त।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

ह०/–

**(उपेन्द्र नारायण महतो)**

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक– 06/वि० 09–33/2016......79...... पटना, दिनांक–...21/2...../2017

प्रतिलिपि– सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार/वित्त विभाग, व्यय शाखा/राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना/सभी जिला पदाधिकारी/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा)/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा० शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान)/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्था०)/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा 05, शिक्षा विभाग एवं लेखा शाखा, शिक्षा विभाग दो प्रति/ सभी प्रखण्ड के चिन्हित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/सहायक निदेशक (योजना), शिक्षा विभाग/I.T. Manager, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20.2.17.

सरकार के उप सचिव।

वर्ग 1 से 4 के सामान्य कोटि के छात्र (जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 1.5 तक है) एवं सामान्य कोटि के छात्राओं को प्रति छात्र/छात्रा रू० 50 प्रति माह की दर से विपत्र कोड P2202011090105 में स्वीकृत राशि

| क्रम संख्या | जिला | छात्रों को स्वीकृत राशि (रू० में) | छात्राओं को स्वीकृत राशि (रू० में) | कुल (रू० में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 1152600 | 1687200 | 2839800 |
| 2 | अरवल | 514200 | 306600 | 820800 |
| 3 | औरंगाबाद | 1962600 | 2684400 | 4647000 |
| 4 | बांका | 1377600 | 1988400 | 3366000 |
| 5 | बेगूसराय | 4053000 | 5839800 | 9892800 |
| 6 | भागलपुर | 3596400 | 5353200 | 8949600 |
| 7 | भोजपुर | 3108600 | 4641000 | 7749600 |
| 8 | बक्सर | 2234400 | 3078000 | 5312400 |
| 9 | दरभंगा | 8128200 | 11597400 | 19725600 |
| 10 | गया | 3467400 | 5015400 | 8482800 |
| 11 | गोपालगंज | 2208600 | 3348000 | 5556600 |
| 12 | जमुई | 1981800 | 2700600 | 4682400 |
| 13 | जहानाबाद | 1006200 | 1342200 | 2348400 |
| 14 | कैमूर | 1069800 | 1450200 | 2520000 |
| 15 | कटिहार | 10074600 | 14556600 | 24631200 |
| 16 | खगड़िया | 1247400 | 1575600 | 2823000 |
| 17 | किशनगंज | 10277400 | 16084200 | 26361600 |
| 18 | लखीसराय | 1582200 | 2074800 | 3657000 |
| 19 | मधेपुरा | 1086600 | 1482000 | 2568600 |
| 20 | मधुबनी | 6586800 | 9043800 | 15630600 |
| 21 | मुंगेर | 1269000 | 1695600 | 2964600 |
| 22 | मुजफ्फरपुर | 5665800 | 7783200 | 13449000 |
| 23 | नालंदा | 1744200 | 2562600 | 4306800 |
| 24 | नवादा | 2677800 | 3677400 | 6355200 |
| 25 | पश्चिमी चम्पारण | 3987000 | 4724400 | 8711400 |
| 26 | पटना | 3065200 | 4303200 | 7368400 |
| 27 | पूर्वी चम्पारण | 8127600 | 8116200 | 16243800 |
| 28 | पूर्णिया | 1860600 | 3162600 | 5023200 |
| 29 | रोहतास | 2659200 | 3694800 | 6354000 |
| 30 | सहरसा | 2112600 | 3020400 | 5133000 |
| 31 | समस्तीपुर | 4050000 | 5806800 | 9856800 |
| 32 | सारण | 4975200 | 6915600 | 11890800 |
| 33 | शेखपुरा | 865800 | 1136400 | 2002200 |
| 34 | शिवहर | 1440600 | 1974600 | 3415200 |
| 35 | सीतामढ़ी | 6167400 | 8906400 | 15073800 |
| 36 | सिवान | 2866800 | 4430400 | 7297200 |
| 37 | सुपौल | 2617200 | 6576000 | 9193200 |
| 38 | वैशाली | 2457000 | 3360600 | 5817600 |
| | **कुल** | **125325400** | **177696600** | **303022000** |

(तीस करोड़ तीस लाख बाईस हजार रूपये मात्र)

20.2.17
उपसचिव
शिक्षा विभाग

वर्ग 5 से 6 के सामान्य कोटि के छात्र (जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 1.5 तक है) एवं सामान्य कोटि के छात्राओं को प्रति छात्र/छात्रा रू० 100 प्रति माह की दर से विपत्र कोड P2202011090105 में स्वीकृत राशि

| क्रम सं० | जिला | छात्रों को स्वीकृत राशि (रू० में) | छात्राओं को स्वीकृत राशि (रू० में) | कुल (रू० में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 801600 | 1183200 | 1984800 |
| 2 | अरवल | 651600 | 646800 | 1298400 |
| 3 | औरंगाबाद | 2030400 | 2982000 | 5012400 |
| 4 | बांका | 1452000 | 2096400 | 3548400 |
| 5 | बेगूसराय | 3948000 | 5968800 | 9916800 |
| 6 | भागलपुर | 3310800 | 5097600 | 8408400 |
| 7 | भोजपुर | 3364800 | 5196000 | 8560800 |
| 8 | बक्सर | 2505600 | 3558000 | 6063600 |
| 9 | दरभंगा | 7678800 | 11571600 | 19250400 |
| 10 | गया | 3550800 | 5299200 | 8850000 |
| 11 | गोपालगंज | 2256000 | 3540000 | 5796000 |
| 12 | जमुई | 2008800 | 2690400 | 4699200 |
| 13 | जहानाबाद | 1125600 | 1585200 | 2710800 |
| 14 | कैमूर | 1092000 | 1634400 | 2726400 |
| 15 | कटिहार | 8262000 | 12637200 | 20899200 |
| 16 | खगड़िया | 1184400 | 1646400 | 2830800 |
| 17 | किशनगंज | 9961200 | 13921200 | 23882400 |
| 18 | लखीसराय | 1531200 | 2198400 | 3729600 |
| 19 | मधेपुरा | 909600 | 1275600 | 2185200 |
| 20 | मधुबनी | 6109200 | 8848800 | 14958000 |
| 21 | मुंगेर | 1537200 | 2062800 | 3600000 |
| 22 | मुजफ्फरपुर | 5926800 | 8442000 | 14368800 |
| 23 | नालंदा | 1950000 | 2858400 | 4808400 |
| 24 | नवादा | 2862000 | 4122000 | 6984000 |
| 25 | पश्चिमी चम्पारण | 2914800 | 4758000 | 7672800 |
| 26 | पटना | 3454800 | 5190000 | 8644800 |
| 27 | पूर्वी चम्पारण | 7122000 | 6992400 | 14114400 |
| 28 | पूर्णिया | 1905600 | 3458400 | 5364000 |
| 29 | रोहतास | 2892000 | 4243200 | 7135200 |
| 30 | सहरसा | 1948800 | 2823600 | 4772400 |
| 31 | समस्तीपुर | 4106400 | 6214800 | 10321200 |
| 32 | सारण | 5146800 | 7324800 | 12471600 |
| 33 | शेखपुरा | 937200 | 1315200 | 2252400 |
| 34 | शिवहर | 1326000 | 1984800 | 3310800 |
| 35 | सीतामढ़ी | 5072400 | 8306400 | 13378800 |
| 36 | सिवान | 3068400 | 4838400 | 7906800 |
| 37 | सुपौल | 2119200 | 5872800 | 7992000 |
| 38 | वैशाली | 2839200 | 3864000 | 6703200 |
| कुल | | 120864000 | 178249200 | 299113200 |

(उनतीस करोड़ एकानवे लाख तेरह हजार दो सौ रुपये मात्र)

20.2.17
उप सचिव,
शिक्षा विभाग।

वर्ग 7 से 8 के सामान्य कोटि के छात्र (जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 1.5 तक है) एवं सामान्य कोटि के छात्राओं को प्रति छात्र/छात्रा रू० 150 प्रति माह की दर से विपत्र कोड P2202011090105 में स्वीकृत राशि

| क्रम सं० | जिला | छात्रों को स्वीकृत राशि (रू० में) | छात्राओं को स्वीकृत राशि (रू० में) | कुल (रू० में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 811800 | 1413000 | 2224800 |
| 2 | अरवल | 838800 | 507600 | 1346400 |
| 3 | औरंगाबाद | 2673000 | 4235400 | 6908400 |
| 4 | बांका | 1989000 | 2874600 | 4863600 |
| 5 | बेगूसराय | 5306400 | 8937000 | 14243400 |
| 6 | भागलपुर | 4012200 | 6750000 | 10762200 |
| 7 | भोजपुर | 4827600 | 7871400 | 12699000 |
| 8 | बक्सर | 3711600 | 5385600 | 9097200 |
| 9 | दरभंगा | 9433800 | 15492600 | 24926400 |
| 10 | गया | 4339800 | 6980400 | 11320200 |
| 11 | गोपालगंज | 3529800 | 6429600 | 9959400 |
| 12 | जमुई | 2662200 | 3673800 | 6336000 |
| 13 | जहानाबाद | 1634400 | 2385000 | 4019400 |
| 14 | कैमूर | 1515600 | 2676600 | 4192200 |
| 15 | कटिहार | 8503200 | 14812200 | 23315400 |
| 16 | खगड़िया | 1542600 | 2464200 | 4006800 |
| 17 | किशनगंज | 10983600 | 17215200 | 28198800 |
| 18 | लखीसराय | 2169000 | 3081600 | 5250600 |
| 19 | मधेपुरा | 1328400 | 1949400 | 3277800 |
| 20 | मधुबनी | 7403400 | 11894400 | 19297800 |
| 21 | मुंगेर | 1972800 | 2847600 | 4820400 |
| 22 | मुजफ्फरपुर | 7459200 | 11426400 | 18885600 |
| 23 | नालंदा | 2579400 | 4167000 | 6746400 |
| 24 | नवादा | 3808800 | 5967000 | 9775800 |
| 25 | पश्चिमी चम्पारण | 3456000 | 5868000 | 9324000 |
| 26 | पटना | 5185800 | 8031600 | 13217400 |
| 27 | पूर्वी चम्पारण | 8445600 | 9241200 | 17686800 |
| 28 | पूर्णिया | 2127600 | 3929400 | 6057000 |
| 29 | रोहतास | 4014000 | 5920200 | 9934200 |
| 30 | सहरसा | 2104200 | 3412800 | 5517000 |
| 31 | समस्तीपुर | 5565600 | 8866800 | 14432400 |
| 32 | सारण | 7659000 | 10980000 | 18639000 |
| 33 | शेखपुरा | 1220400 | 1803600 | 3024000 |
| 34 | शिवहर | 1553400 | 2352600 | 3906000 |
| 35 | सीतामढ़ी | 5983200 | 10558800 | 16542000 |
| 36 | सिवान | 4798800 | 7830000 | 12628800 |
| 37 | सुपौल | 2476800 | 7794000 | 10270800 |
| 38 | वैशाली | 4181400 | 6030000 | 10211400 |
| **कुल** | | **153808200** | **244056600** | **397864800** |

(उनचालीस करोड़ अठहत्तर लाख चौंसठ हजार आठ सौ रुपये मात्र)

20.2.17

उप सचिव,
शिक्षा विभाग।